बदहाली | गड्ढों, जलभराव और अव्यवस्थित पार्किंग से हर दिन हादसों का खतरा

विजय नगर एमआर-4 की सर्विस लेन बदहाल

टूटी पड़ी सड़कें

गड्ढों में भरा पानी

नवभारत, जबलपुर। शहर के विजय नगर स्थित स्क्र-4 रोड की सर्विस लेन इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी है। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे होने के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश का मौसम शुरू होने के साथ ही इन गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है और दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सर्विस लेन की हालत लंबे समय से खराब बनी हुई है, लेकिन अब तक इसके सुधार के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सड़क संकरी होने के बावजूद कई वाहन चालक यहां अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे रास्ता और भी संकरा हो जाता है। ऐसे में दोपहिया और चारपहिया वाहनों को निकलने में कठिनाई होती है तथा जाम जैसी स्थिति भी बन जाती है।

रात के समय समस्या और गंभीर हो जाती है। पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे कई बार वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अंधेरे, जलभराव और अव्यवस्थित पार्किंग का यह मिश्रण किसी बड़े हादसे को न्योता दे रहा है।

क्षेत्रवासियों ने नगर निगम और संबंधित विभाग से मांग की है कि सर्विस लेन की तत्काल मरम्मत कराई जाए, जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए तथा अवैध और अव्यवस्थित पार्किंग पर कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो बारिश के मौसम में यहां दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

स्थानीय लोगों की मांग

- सर्विस लेन की तत्काल मरम्मत।
- गड्ढों को भरकर सड़क का पुनर्निर्माण।
- जलभराव रोकने के लिए बेहतर ड्रेनेज व्यवस्था।
- अव्यवस्थित पार्किंग पर सख्त कार्रवाई।
- रात में पर्याप्त स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था।

इनका कहना है

विजय नगर एमआर-4 रोड की सर्विस लेन की खराब स्थिति को संज्ञान में लिया गया है। बारिश के मौसम को देखते हुए सड़क सुधार और गड्ढों की मरम्मत के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही सर्विस लेन का मरम्मत एवं सुधार कार्य प्रारंभ कराया जाएगा, ताकि क्षेत्रवासियों और वाहन चालकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

कमलेश श्रीवास्तव
कार्य.यंत्री लो.नि.वि.

जेवरात, नगदी सहित नल भी उखाड़ ले गए शातिर चोर

नवभारत, जबलपुर। विजयनगर थाना अंतर्गत लक्ष्मीपुर स्थित कृष्णा इलाइट में एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। चोर घर में लगे कीमती नल भी उखाड़ कर अपने साथ ले गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, लक्ष्मीपुर कृष्णा इलाइट निवासी 42 वर्षीय स्वाति गुप्ता एक निजी संस्थान में कार्यरत हैं। वह बीते 9 जून को अपने मकान में ताला लगाकर जानकीनगर स्थित अपने माता-पिता के घर मिलने गई थीं। शनिवार की दोपहर जब वह वापस अपने घर लौटीं, तो घर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। पीड़िता जब अपने ब्लॉक में पहुँचीं, तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर के भीतर प्रवेश करते ही कमरों में सामान बिखरा हुआ मिला। चोरों ने अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात और नगद रुपए समेट लिए थे। इसके अलावा घर के भीतर लगे नल भी गायब थे, जिन्हें चोरों ने औजारों की मदद से उखाड़ा था।

पति ने कहा-पत्नी ने दर्ज कराई रिपोर्ट

जबलपुर। बलात्कार के आरोप में दर्ज अपराध में अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट में आवेदन पेश किया था। आवेदन की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट में पासपोर्ट पेश कर बताया गया कि शिकायतकर्ता उसकी पत्नी है। जिसका विरोध सरकार की तरफ से नहीं किया गया। हाईकोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा ने एकलपीठ ने सुनवाई के बाद आवेदक को सशर्त अग्रिम जमानत का लाभ प्रदान किया है।

भोपाल निवासी फराज खान की तरफ से दायर किये गये आवेदन में कहा गया था कि शिकायतकर्ता की रिपोर्ट पर शाहजहांनाबाद पुलिस स्टेशन में उसके खिलाफ 376 ए,323 ए, 506 और 376 (2) के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता के आरोप है कि विगत 2022 से 2026 तक शादी का झांसा देकर आवेदक ने उसका दैहिक शोषण किया। आवेदक की तरफ से एकलपीठ को बताया गया कि शिकायतकर्ता उसकी पत्नी है। इस संबंध में आवेदक की तरफ से शिकायतकर्ता का पासपोर्ट भी पेश किया गया। शासकीय अधिवक्ता तथा आपत्तिकर्ता की तरफ से अग्रिम जमानत का विरोध किया गया। उनकी तरफ से बताया गया कि आवेदक आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। सुनवाई के दौरान वह इस तथ्य का खंडन नहीं कर सके कि कथित अपराध 2022 से 2026 तक जारी रहा। इसके अलावा दस्तावेज के तौर पर पेश किये गये पासपोर्ट से संकेत मिलता है कि शिकायतकर्ता वर्तमान आवेदक की पत्नी है।

एकलपीठ ने सुनवाई के बाद आवेदक को सशर्त जमानत का लाभ प्रदान किया। एकलपीठ ने आवेदक को निर्देशित किया है कि चाज.र्शीट दाखिल होने तक हर महीने के पहले हफ्ते में संबंधित पुलिस स्टेशन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराए और जांच में सहयोग करे। सहयोग न करने की स्थिति में जमानत अपने आप रद्द हो जाएगी।

ट्रांसफर और रिफंड के बीच उलझी फाईल

मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस बीपी शर्मा की एकलपीठ ने अपने एक अहम आदेश में अदालतों के बीच स्थानांतरित होते रहे आपराधिक प्रकरण में जमा 1.50 लाख रुपये की कोर्ट फीस लौटाने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने आदेश में कहा है कि याचिकाकर्ता को न्यायिक प्रक्रिया में अनावश्यक वित्तीय भार नहीं उठाना चाहिए, जब मामला अंतत- मूल क्षेत्राधिकार से बाहर चला गया हो। प्रकरण के अनुसार शिकायतकर्ता की ओर से प्रारंभ में ओडिशा के भुवनेश्वर न्यायालय में छह रुपये की नाममात्र कोर्ट फीस के साथ मामला दायर किया गया था। बाद में सर्वोच्च न्यायालय के दशरथ रूपसिंह राठौर बनाम महाराष्ट्र राज्य फैसले के आलोक में मामला जबलपुर स्थानांतरित किया गया। इसके अनुपालन में याचिकाकर्ता ने मध्य प्रदेश के जेएमएफसी न्यायालय जबलपुर में 1.50 लाख रुपये की कोर्ट फीस जमा की। इसके बाद विधिक प्रावधानों में संशोधन और धारा 138 (नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट) से जुड़े बदलावों के कारण मामला पुन- ओडिशा स्थानांतरित हो गया। इस दोहरे स्थानांतरण के चलते कोर्ट फीस जबलपुर में ही जमा रह गई और वापसी की मांग की गई। न्यायालय ने रिकार्ड और दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद माना कि जब मामला अंतत- भुवनेश्वर, ओडिशा वापस चला गया है तो जबलपुर न्यायालय में जमा की गई फीस का कोई औचित्य नहीं बचता। इसी आधार पर न्यायालय ने याचिकाकर्ता को राहत देते हुए कहा कि उसे फीस वापसी का अधिकार है। न्यायालय ने मध्य प्रदेश शासन के राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव को निर्देशित किया है कि वे जेएमएफसी जबलपुर में जमा 1.50 लाख रुपये की कोर्ट फीस की राशि शीघ्र वापस करने की आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। पूरी प्रक्रिया तीन माह की समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

पीएम मोदी ने देश के विकास का नया अध्याय लिखा : सिंह

जबलपुर। भारत की आजादी के बाद से अब तक कई प्रधानमंत्री बने, लेकिन नरेंद्र मोदी ऐसे पहले जनप्रतिनिधि हैं, जिन्होंने जनता के प्रत्यक्ष जनादेश के आधार पर लगातार लंबे समय तक देश का नेतृत्व करते हुए सुशासन और विकास का नया अध्याय लिखा है। यह बातें लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने शनिवार को पश्चिम विधानसभा के रामलीला मैदान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के उपलक्ष्य में आयोजित वरिष्ठ जन सम्मान समारोह आयोजित में कहीं। आगे उन्होंने कहा कि देश के विकास और सुशासन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पद को केवल सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा और जिम्मेदारी का दायित्व मानकर कार्य किया है और यही कारण है कि उनके नेतृत्व में देश ने अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। मंत्री सिंह ने आर्थिक मोर्चे पर देश की प्रगति का विवरण देते हुए कहा कि वर्ष 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली थी, तब भारत की अर्थव्यवस्था लगभग 125 लाख करोड़ रुपये की थी, जो पिछले एक दशक में बढ़कर 350 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। इस दौरान देश ने वैश्विक स्तर पर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है।

स्टेशन पर शांति भंग कर रहे युवक को किया गिरफ्तार

जबलपुर, नवभारत। जबलपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जीआरपी थाना जबलपुर द्वारा सतत निगरानी एवं प्रभावी पुलिसिंग की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को स्टेशन ड्यूटी के दौरान प्लेटफॉर्म क्रमांक-1 पर कटनी दिशा की ओर एक युवक जिसकी पहचान सुभाष राजपाल (22 वर्ष), निवासी ग्राम चरगवां पाली, थाना स्लीमनाबाद, कटनी के रूप में हुई, यात्रियों के साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज एवं वाद-विवाद कर शांति भंग करने का प्रयास कर रहा था। जिसके बाद जीआरपी थाना जबलपुर के पुलिस बल द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया गया। संबंधित युवक को समझाइश दी गई, किंतु उसके द्वारा उग्र व्यवहार जारी रखने तथा रेलवे स्टेशन परिसर में अशांति का वातावरण निर्मित करने के कारण संभावित संज्ञेय अपराध एवं अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए तत्काल वैधानिक कार्रवाई की गई पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध धारा 170, 126(बी), 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

भाजपा के पूर्व मंत्री को धमकाने वाला गया जेल

नवभारत, जबलपुर। मप्र शासन के पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता हरेंद्रजीत सिंह बब्बू को मोबाइल फोन पर गोली मारने की धमकी धमकी देने वाले आरोपित को गोरखपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया इसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया है।

विदित हो कि पूर्व मंत्री हरेंद्रजीत सिंह बब्बू 65 वर्षीय निवासी मदनमहल चौक, गुप्तेश्वर ने गोरखपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 8 जून की शाम करीब 7:9 बजे वह कार से गोरखपुर बाजार की तरफ जा रहे थे। जब उनकी कार कटंगा तिराहा के पास पहुंची, तभी उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया था। फोन उठाते ही सामने वाले व्यक्ति ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद पूर्व मंत्री ने तुरंत फोन काट दिया था। पुलिस ने पूर्व मंत्री की शिकायत पर अज्ञात धारक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है। पुलिस की साइबर सेल टीम मोबाइल नंबर को ट्रेस किया। सीडीआर, मोबाइल लोकेशन और अन्य जांच के दौरान पुलिस आरोपित सृजन तिवारी निवासी रानीताल तक पहुंच गई जिसके बाद उसे धरदबोचा गया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया है।

बमबाजी : आठ आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

नवभारत,जबलपुर। रांझी थाना अंतर्गत मड़ई में शराब एवं रिछाई में घर को निशाना बनाते हुए बमबाजी करने वाले आठ आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

टीआई उमेश गोल्हानी ने बताया कि 11 जून को देशी कलारी मड़ई में स्कूटी से पहुंचे बदमाशों ने काउण्टर की तरफ 2 बम फेंके थे। जिसमें एक सुअरमार बम काउण्टर की जाली में लगा और तेज आवाज धमाके के साथ फट गया था। इसी प्रकार 11 जून को संतोष कुमार भारती 52 वर्ष निवासी अंजनी कॉलोनी रिछाईके घर में बदमाशों ने बम फेंके थे। सीसीटीव्ही कैमरे में स्कूटी सवार चार बदमाश कैद हो गए थे। मामले में चि न्हित करते हुए दाबे नाबालिगों को दबोचा गया जिन्होंने पूछताछ करने पर वारदात करना कबूल किया। इसी प्रकार समर सोनकर पिता अनिल सोनकर 18 वर्ष निवासीभरतीपुर, शान सोनकर पिता लक्ष्मण सोनकर 18 वर्ष निवासी बापूनगर रांझी, हर्ष सिंह राजपूत पिता अमित सिंह राजपूत, 19 वर्ष, निवासी इंदिरा नगर, रांझी 17 वर्षीय बालक को दबोचा गया। बम उपलब्ध कराने वाले 16, 17 वर्षिय बालकों को भी दबोचा गया। आरोपियों के कब्जे से अलग अलग कम्पनी के चार मोबाइल, बिना नम्बर की एक्सिस जब्त की गई।

कहीं कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए : एसपी

नवभारत, जबलपुर। छोटी सी घटना की जानकारी भी लगती है तो तत्काल मौके पर पहुंचकर वैधानिक कार्यवाही करें, हमारी कार्यवाही निष्पक्ष होना चाहिये। हमारा प्रमुख उद्देश्य शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखना है इसमे किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होना चाहिये। यह बातें पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने मोहर्रम पर्व को लेकर कन्ट्रोल रूम में बैठक लेते हुए कहीं।

आगे उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ दिन कानून व्यवस्था की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है, आपके द्वारा जो थाना स्तर पर बैठकर ली जा रही है उसमे यदि कोई ईश्यू आया हो तो चर्चा कर उसका तत्काल उचित समाधान करें। जहां जहां पूर्व में विवाद हुये है, ऐसे स्थानों पर निगाह रखें, क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर फिक्स प्वाईट लगायें जायेगे, जो भी अधिकारी कर्मचारी लगाये जाये उन्हें ब्रीफ कर लगाया जाये। गुंडे-बदमाशों पर सतत निगाह रखी जाये अपराधिक रिकार्ड को दृष्टिगत रखते हुये प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें। इस दौरान एएसपी अपराध जितेन्द्र सिंह, एएसपी जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एएसपी अखिलेश तिवारी समेत समस्त राजपत्रित अधिकारियों समेत सभी थाना प्रभारियों की उपस्थित रही।

Mr. Solar
महाकौशल का सबसे भरोसेमंद
कोई झूठा वादा नहीं, सिर्फ सच
सोलर पार्टनर
• कम बिजली बनने पर क्षतिपूर्ति हम करेंगे
• विक्रय पश्चात सर्वोत्तम वाशिंग एवं मेंटेनेंस सर्विस
• सबसे तेज सब्सिडी प्रोसेसिंग
• सर्टिफाइड प्रोडक्ट
Office : Pls call us on 6267100743, 9644555001
Mr. Solar & Co- 402, 4th Floor, Kaushalya Vihar Apartment, Near Bhanwartal Garden, Napier Town, Jabalpur

GREEN VALLEY PUBLIC SCHOOL
A Residential & Day Boarding School
NURSERY TO CLASS 12th
ADMISSIONS OPEN 2026-27
BIG DREAMS NEED A BIG START
GVPS SHAPE THE LEADERS OF TOMORROW WITH FUTURE-READY FACILITIES
KEY FEATURES
Affiliated to CBSE
Bus Facility
Air Cooled Hostel
Atal Tinkering Lab
Separate Hostel for Girls & Boys
Safe Campus
Large Playground
Healthy Environment
Greenery in Abundance
State of Art Classrooms
Digital Classrooms
CCTV Surveillance
For more Information
9300154300, 9300119919
Raigwan, Next to Bharat Petroleum, Patan Road, Jabalpur

भवन निर्माण
भवन निर्माण 1500/- वर्गफुट कंस्ट्रक्शन
मॉड्यूलर किचन, लेटबाथ, स्टील रेलिंग, बिजली, पानी, मटेरियल सहित कम्पलीट वर्क
संपर्क- कमलेश पटेल, मोबाइल 6260334877

होली लाईट चिल्ड्रन्स ऐकेडमी हॉयर सेकेण्डरी स्कूल
Holy Light Children's Academy Higher Secondary School
प्रवेश प्रारम्भ
शासन द्वारा मान्यता प्राप्त (नर्सरी से बारहवीं तक) हिन्दी एवं अग्रेंजी माध्यम
नोट- गरीबी रेखा कार्ड धारकों को फीस में विशेष सुविधा
अभिभावकों को मोबाईल एप द्वारा विद्यालय की समस्त जानकारी लाईव
अनुभवी शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा अध्यापन
स्वस्थ शिक्षा वातावरण
खेलकूद के लिये मैदान व शाला भवन की स्थाई ईमारत
विशिष्ट शिक्षण विधियों द्वारा अध्यापन, नैतिक/पारम्परिक संस्कारों से सुसज्जित शिक्षा
पेंटिग, ड्राईग, योग कक्षा, जूड़ों का विशेष प्रशिक्षण, कम्प्यूटर शिक्षा की व्यवस्था
पिकनिक, आनंद मेला, वार्षिकोत्सव व क्राफ्ट प्रदर्शनी का प्रत्येक वर्ष आयोजन
फेल विद्यार्थी निराश न हो दसवीं, बारहवीं गारण्टी से पास
सभी BA,B.Com., B.Sc.,LLB, B.Ed, M.Ed. हेतु संपर्क करें
Jai Prakash Nagar, Adhartal, Jabalpur (MP) 482004
Mob: 9301646302, 9407059444

LEONARD H.S.SCHOOL
(Recognised by Govt of M.P.)
Classes : Nursery to 12th
Come and join us
ADMISSION OPEN
Informatics Practices/Maths Science/Commerce/Arts Groups
The School is located in a Peaceful and eco friendly atmosphere.
Emphasis is given on Spoken English in all the classes.
Sports and Cultural activities are held on a regular basis.
Excellent Board Results Year after Year.
53, Denning Road, Behind Civil Line Police Station Jabalpur (MP)
Phone : 0761-4030678, 9425387092, 7999910499

सिविल लाइन में खुली स्वच्छता व्यवस्था की पोल

नवभारत , जबलपुर । शहर के सबसे व्यवस्थित और स्वच्छ क्षेत्रों में शामिल कैंट क्षेत्र इन दिनों कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। रिज रोड मेन गेट के पास, साउथ सिविल लाइन के पास स्थित खुले परिसर में चारों ओर फैला प्लास्टिक कचरा, घरेलू अपशिष्ट, निर्माण मलबा और सूखी झाड़ियां स्वच्छता व्यवस्था की वास्तविक स्थिति को उजागर कर रही हैं। आश्चर्य की बात यह है कि इसी स्थान पर लोगों को जागरूक करने के लिए 'कृपया कचरा, कचरा घर में ही डालें' का बोर्ड लगा हुआ है, लेकिन उसके सामने फैली गंदगी यह बताने के लिए काफी है कि संदेश और व्यवस्था के बीच कितना बड़ा अंतर है। नवभारत की पड़ताल में देखा गया कि पूरे परिसर में प्लास्टिक की थैलियां, बोतलें, सूखी झाड़ियां, ईंट-पत्थर और अन्य अपशिष्ट बिना किसी प्रबंधन के बिखरे पड़े हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि काफी समय से यहां नियमित सफाई नहीं हुई है। मौके पर मौजूद चेतावनी बोर्ड और आसपास की बदहाल स्थिति यह दर्शाती है कि निगरानी व्यवस्था प्रभावी नहीं है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो यह स्थान भविष्य में और अधिक गंदगी का केंद्र बन सकता है।

स्वच्छता का संदेश, लेकिन व्यवस्था पूरी तरह लाचार

स्वच्छ भारत मिशन और स्थानीय प्रशासन लगातार शहर को साफ-सुथरा बनाने के दावे करते हैं, लेकिन साउथ सिविल लाइन का यह क्षेत्र इन दावों की वास्तविकता सामने ला रहा है। जहां लोगों को कचरा निर्धारित स्थान पर डालने की सलाह दी जा रही है, वहीं उसी स्थान के आसपास महीनों से कचरा जमा होता दिखाई दे रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि या तो नियमित सफाई नहीं हो रही है या फिर कचरा फेंकने वालों पर किसी प्रकार की प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो यह स्थान स्थायी डंपिंग पॉइंट में बदल सकता है।

श्रद्धालुओं को मिलेगा द्वारका दर्शन का अवसर

जबलपुर, नवभारत। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) द्वारा धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

इस विशेष पर्यटन पैकेज के अंतर्गत श्रद्धालुओं को ज्योतिर्लिंग दर्शन के साथ-साथ द्वारकाधीश मंदिर एवं प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन का अवसर प्राप्त होगा। यह ट्रेन 11 जुलाई को रीवा स्टेशन से रवाना होगी तथा पश्चिम मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से भी यात्री इस यात्रा में शामिल हो सकेंगे। यात्रा के दौरान ट्रेन सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, रानी कमलापति, भोपाल, शुजालपुर एवं उज्जैन सहित विभिन्न स्टेशनों पर ठहरेगी, जहां से श्रद्धालु ट्रेन में सवार होकर अपनी आध्यात्मिक यात्रा प्रारंभ कर सकते हैं। इस विशेष यात्रा के अंतर्गत श्रद्धालुओं को द्वारका, सोमनाथ, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं ओंकारेश्वर सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे।

यात्रा अवधि लगभग 10 रात एवं 11 दिन की होगी। वही आईआरसीटीसी द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए यात्रा पैकेज में रेल यात्रा, आवास, भोजन, स्थानीय परिवहन, दर्शनीय स्थलों का भ्रमण, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा तथा टूर एस्कॉर्ट जैसी सुविधाएं शामिल की गई हैं।

प्रशासन जागा | गलगला चौक का मामला

नींद से जागे जिम्मेदार, खस्ताहाल डस्टबिनों को हटाया गया

पहले का हाल... दुर्दशा के शिकार डस्टबिन को ले जाते हुए कर्मी।

नवभारत,जबलपुर। कहावत है कि जब तक पीछे न पड़ जाओ तब तक कोई काम नहीं होगा, जब तक नींद से न जगाओ तो धरातल पर अमल कैसे होगा.. कुछ इस तरह की बानगी हाल ही में नवभारत अखबार में खबर प्रकाशन के बाद गलगला चौक में देखने को मिली जब शनिवार सुबह नगर निगम का सफाई अमला गलगला चौक में उस जगह पहुंचा जहां टूटे डस्टबिन जिम्मेदारों को पिछले कई दिनों से मुंह चिढ़ा रहे थे।

विदित हो कि नवभारत ने विगत 12 जून के अंक में रखरखाव के अभाव में डस्टबिन दुर्दशा का शिकार के शीर्षक की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी जिसके बाद जिम्मेदार अफसरों की नींद खुली और फिर उन्होंने सफाई अमले को निर्देश देकर गलगला चौक के खस्ताहाल डस्टबिनों को अलग कराया। खस्ताहाल डस्टबिनों के हटते ही स्थानीय दुकानदारों, व्यापारियों ने नवभारत के प्रति आभार व्यक्त किया।

अब नहीं करना पड़ेगा दुर्गंध का सामना

जानकारी के अनुसार गलगला चौक पर लगाए गए डस्टबिनों की बात की जाए इसमें स्थानीय व्यापारी कचरा तो फेंकते थे लेकिन इसे सफाई कर्मियों द्वारा नियमित रूप से साफ नहीं किया जाता रहा.. मौजूदा स्थिति ये हुई कि इसके पास से जो कोई भी गुजरता है उसे सड़ी दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा था। अब डस्सबिनों के हटने के बाद स्थानीय दुकानदारों को दुर्गंध का सामना नहीं करना पड़ेगा। उधर कुछ लोगों ने ये भी नगर निगम से मांग की है कि उनके इलाके में नई डस्टबिनों को रखा जाए जिससे स्थानीय दुकानदारों का कचरा उसमें रखा जा सके।

विद्युत मीटर के पीछे छिपा था तीन फीट लंबा सांप

जबलपुर। गढ़ा थानांतर्गत बेदी नगर में विद्युत मीटर के पीछे तीन फीट लंबा सांप छिपा था ।जानकारी अनुसार बेदी नगर निवासी सत्यम केसरवानी के निवास पर लगे विद्युत मीटर के पीछे कच्ची दीवार की दरार में एक तीन फीट लंबा सांप धीरे धीरे प्रवेश कर रहा था। ऐसा द्रश्य देखकर वहां अफरातफरी मच गई सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। पकड़ा गया सर्प ज्यादा तर पेड़ों पर रहता है ।ये सर्प जहरीला नहीं होता है। सांप के पकड़े जाने पर सभी ने राहत की सांस ली।